## संपादकीय

# त्योहारों पर राहत

केंद्रीय बैंक ने शुक्रवार को एक बार फिर ब्याज दरों में कटौती की है। माना जा रहा है कि त्योहारों की श्रृंखला में उपभोक्त ाओं को राहत देकर बाजार को गुलजार करने की कोशिश हुई है। इससे जहां उपभोक्त ाओं की क्रय शक्ति बढ़ने की उम्मीद लगाई जा रही है, वहीं बैंकों द्वारा ब्याज दर घटाने पर गृह व वाहन आदि लोन लेने वाले ग्राहकों की ईएमआई में कमी आएगी। आरबीआई ने रेपो रेट में 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती की है जो चौथाई फीसदी के बराबर है। यह फैसला मौद्रिक नीति की समीक्षा के बाद लिया गया, मंदी की आहटों के बीच यह कदम अपरिहार्य ही था, जिसे दीवाली का तोहफा माना जा रहा है। इस कटौती के बाद अब रेपो रेट 5.15 रह गया है, जिससे उम्मीद जताई जा रही है कि अन्य बैंक भी होम लोन और ऑटो लोन की किश्तों में राहत देंगे। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय बैंक ने वर्ष 2019 में निरंतर पांचवीं बार ब्याज दरों में कटौती की है। कुल मिलाकर इस साल ब्याज दर में 1.35 प्रतिशत की कटौती की गई है। साथ ही रिवर्स रेपो रेट में भी कटौती की गई है, जो अब घटकर 4.9 फीसदी कर दिया गया है। यह वह दर है, जो बैंकों को केंद्रीय बैंक में अपना फंड रखने पर ब्याज के रूप में मिलती है। संकेत हैं कि आगे भी उपभोक्त ाओं को ऐसी कटौती से राहत दी जा सकती है। कोशिश है कि जल्दी से देश की अर्थव्यवस्था पटरी पर लौटेगी । इसके अलावा केंद्रीय बैंक ने चालू वित्तीय वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद विकास दर का आकलन भी घटाकर 6.1 फीसदी कर दिया है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति यानी एमपीसी ने निर्णय लिया है कि जब देश की अर्थव्यवस्था की विकास दर अनुमानित लक्ष्य के अनुरूप नहीं हो जाती तब तक ऐसे प्रयास जारी रहेंगे। मगर चिंता इस बात की भी है कि कहीं इससे महंगाई तेजी न पकड़ ले। निश्चित रूप से राहतकारी कदम उठाये जाने के साथ जहां विकास दर को बढ़ाने की जरूरत है, वहीं ऐसे में महंगाई पर नियंत्रण रखने वाले उपायों पर भी ध्यान केंद्रित करने की जरूरत होगी। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय बैंक ने उपभोक्त ा मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई की दर चार फीसदी रखने का लक्ष्य रखा है। केंद्रीय बैंक की छह सदस्यीय एमपीसी ने जहां ब्याज दरों में कटौती का फैसला सर्वसम्मति से लिया, वहीं महंगाई पर नियंत्रण को भी अपनी प्राथमिकता बताया। साथ ही अर्थव्यवस्था में सुस्ती को स्वीकारते हुए जीडीपी के लक्ष्य को घटाने का फैसला भी लिया। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि देश की अर्थव्यवस्था में लगातार पांचवीं तिमाही में जीडीपी में गिरावट दर्ज की गई है। यहां तक कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद दर आश्चर्यजनक रूप से पांच फीसदी रही थी। हालांकि अब सरकार द्वारा अर्थव्यवस्था को संबल देने के लिये उठाये गये बड़े कदमों के चलते अर्थव्यवस्था में सुधार के संकेत भी देखे जा रहे हैं, जिसके अंतर्गत बड़े बैंकों को अतिरिक्त पूंजी उपलब्ध कराने, निर्यात सुविधाओं का विस्तार और कॉरपोरेट टैक्स में कटौती जैसे कदम उठाये गये। हालांकि इन कदमों का सरकार के खजाने पर दबाव बढ़ा है।

# कच्चे तेल में नरमी से लगातार पांचवें दिन घटे पेट्रोल, डीजल के दाम

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पिछले दिनों कच्चे तेल के दाम में नरमी आने से पेट्रोल और डीजल के के दाम रोज कम हो रहे हैं, जिससे त्योहारी सीजन में देश के आम उपभोक्ताओं को महंगाई से राहत मिलेगी। तेल विपणन कंपनियों ने लगातार पांचवें दिन सोमवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कटौती की, जिसके बाद दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल 13 पैसे जबकि डीजल 12 पैसे प्रति लीटर सस्ता हो गया है। देश की राजधानी क्षेत्र दिल्ली में इन पांच



दिनों के दौरान पेट्रोल 85 पैसे प्रति लीटर सस्ता हो गया है और डीजल का दाम 58 पैसे प्रति लीटर घट गया है।

इंडियन ऑयल की बेवसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम घटकर क्रमशः 73.76 रुपये, 76.40 रुपये, 79.37 रुपये और 76.61 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं। चारों महानगरों में डीजल के दाम भी घटकर क्रमश- 66.09 रुपये, 69.27 रुपये, 70.14 रुपये और 71.68 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं। पिछले महीने 14 सितंबर को सऊदी अरब की तेल कंपनी सऊदी अरामको पर हुए ड्रोन हमले के बाद 16 सितंबर हो अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में 28 साल बाद सबसे बड़ी एक दिनी तेजी दर्ज की गई थी जब ब्रेंट क्रूड का भाव 71.95 डॉलर प्रति बैरल हो गया, लेकिन उसके बाद से अब तक ब्रेंट का भाव करीब 14 डॉलर प्रति बैरल से टूट चुका है। अंतर्राष्ट्रीय वायदा बाजार इंटरकांटिनेंटल एक्सचेंज पर सोमवार को ब्रेंट क्रूड के दिसंबर अनुबंध में 0.43 फीसदी की कमजोरी के साथ 58.12 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार चल रहा था। वहीं, न्यूयार्क मर्केंटाइल एक्सचेंज पर अमेरिकी लाइट क्रूड वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट यानी डब्ल्यूटीआई के नवंबर डिलीवरी अनुबंध में 0.28 फीसदी की कमजोरी के साथ 52.80 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार चल रहा था।

# डॉलर के मुकाबले 8 पैसे कमजोरी के साथ खुला रुपया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** डॉलर के मुकाबले रुपया सोमवार को आठ पैसे कमजोरी के साथ 70.96 पर खुला, जबकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में कमजोरी आने से देसी करेंसी को सपोर्ट मिल रहा है।





भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पिछले सप्ताह प्रमुख ब्याज दर यानी रेपो रेट घटाने के बाद घरेलू शेयर बाजार में भारी गिरावट आई जिससे रुपये में भी अस्थिरता रही, हालांकि देसी करेंसी शुक्रवार को तकरीबन सपाट 70.88 पर बंद हुई।

कार्वी कॉमट्रेड के सीईओ रमेश वरखेडकर ने बताया कि इस महीने के बीते तीन कारोबारी सत्रों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने घरेलू शेयर बाजार में 3,000 करोड़ रुपये की बिकवाली की जबकि उनकी निवल बिकवाली 1,111 करोड़ रुपये रही। करेंसी विशेषज्ञ बताते हैं कि एपपीआई की बिकवाली से रुपये पर दबाव आया लेकिन कच्चे तेल के दाम में गिरावट से रुपये को सपोर्ट मिल रहा है।

# इंडोको रेमेडीज को पार्किंसन रोग की दवा के लिए अमेरिकी नियामक की मंजूरी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दवा कंपनी इंडोको रेमेडीज को पार्किंसन रोग के इलाज में उपयोग होने वाली रासगिलीन गोली के लिए अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक की मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। इंडोको रेमेडीज ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी को अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) से 0.5 मिलीग्राम और एक एमजी



रासगिलीन गोलियों के लिए नए दवा आवेदन (एएनडीए) पर अंतिम मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने आईएमएस 2018 के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि इस उत्पाद का अमेरिका में 10.5 करोड़ डॉलर का बाजार है।

# डच बैडमिंटन ओपन में खेलेंगे वर्मा बंधु

**अलमेरे (नीदरलैंड)।** भारत के वर्मा बंधु सौरभ और समीर मंगलवार से यहां शुरू होने वाले 75 हजार डालर इनामी डच ओपन सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। वर्मा बंधु विपरीत परिस्थितियों में इस टूर्नामेंट में उतर रहे हैं। शीर्ष वरीयता प्राप्त समीर जहां फिटनेस की समस्याओं से जूझ रहे थे तथा चीन और कोरिया ओपन में नहीं खेल पाये थे वहीं सौरभ ने पिछले महीने वियतनाम ओपन सुपर 100 का खिताब जीता था। समीर इस साल कड़े दौर से गुजरे हैं। वह केवल सिंगापुर ओपन और एशियाई




चैंपियनशिप के ही चार्टर फाइनल में पहुंच पाये थे जबकि बाकी टूर्नामेंट में वह शुरुआती दौर में बाहर हो गये थे। यह 24 वर्षीय खिलाड़ी इस साल के शुरू में शीर्ष दस में पहुंचने के करीब था लेकिन खराब प्रदर्शन से वह रैंकिंग में 17वें स्थान पर खिसक गया। उन्हें यह शुरुआती दौर में बाई मिली है। दूसरी तरफ चौथी वरीयता प्राप्त सौरभ ने इस साल हैदराबाद और वियतनाम ओपन में खिताब जीते हैं जिससे वह विश्व रैंकिंग में 34वें स्थान पर पहुंच गये हैं। उन्हें पहले दौर में बाई मिली है और दूसरे दौर में उनका सामना स्पेन के पाब्लो अबेन से हो सकता है। युवा लक्ष्य सेन भी इस सप्ताह कोर्ट पर दिखेंगे। अल्मोड़ा के इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले सप्ताह बेल्जियम अंतरराष्ट्रीय का खिताब जीता था।

# सुमित नागल करियर की सर्वश्रेष्ठ 129 रैंकिंग पर

**नईदिल्ली ।** भारत के उभरते हुए युवा टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल सोमवार को जारी पेशेवर टेनिस संघ (एटीपी) की ताजा रैंकिंग में छह स्थान आगे बढ़ते हुए 129वें स्थान पर आ गए हैं। नागल ने पिछले सप्ताह एटीपी चैलेंजर केम्पिनास के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

सेमीफाइनल में उन्हें अर्जेंटीना के जुआन फिकोविक से मात खानी पड़ी थी। इससे पहले वे ब्यूनर्स आयर्स में एटीपी चैलेंजर क्ले कोर्ट टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम करने में



सफल रहे थे। इसी खिताबी जीत के बाद वह 136वें स्थान पर पहुंच गए थे। वहीं शीर्ष-10 रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है। जापान ओपन का खिताब जीतने वाले सर्बिया के नोवाक जोकोविक पहले स्थान पर बने हैं। स्पेन के राफेल नडाल दूसरे और स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर तीसरे स्थान पर कायम हैं। रूस के डेनिल मेडवेडेव चौथे स्थान पर ही हैं जबकि चीन ओपन का खिताब जीतने वाले आस्ट्रिया के डोमिनिक थीम पांचवें स्थान पर कायम हैं।

# रणबीर कपूर नहीं बल्कि अजय देवगन के ऑपोज़िट दिखेंगी दीपिका पादुकोण?

कुछ समय पहले खबर आई थी कि लव रंजन की अगली फिल्म में रणबीर कपूर और अजय देवगन साथ नजर आनेवाले हैं। कहा जा रहा था कि फिल्म में दीपिका पादुकोण भी नजर आएंगी और अजय देवदन रणबीर के पापा के किरदार में दिखेंगे। हालांकि , कुछ समय बाद यह भी सुनने को मिला कि दीपिका ने इस फिल्म से इनकार कर दिया है, लेकिन अब कुछ खबरें सुनने को मिल रही हैं, जो वाकई इंट्रेस्टिंग है।

कहा दा रहा था कि मीटू में लव रंजन का नाम सामने आने के दीपिका ने इस फिल्म को ना कर दिया है। हालांकि फैन्स दीपिका और रणबीर को साथ देखने के लिए बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं, वहीं लेटेस्ट रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि फिल्म में दीपिका होंगी तो जरूर लेकिन वह रणबीर की लव-लाइफ नहीं बल्कि अजय देवगन की प्रेमिका



के रूप में दिखेंगी।

वर्कफ्रंट की बात करें तो फिलहाल दीपिका अपनी अगली फिल्म छपाक में व्यस्त हैं जो एसिड अटैक सर्वाइवर लक्ष्मी अग्रवाल पर बनी है। इसके अलावा वह अपने पति रणवीर सिंह के साथ उनकी अगली फिल्म 83 में ऑनस्क्रीन वाइफ का किरदार भी निभाती दिखेंगी, जिसमें उनका किरदार कपिल देव की पत्नी रूमी देव का है। रणबीर की बात करें तो आलिया भट्ट के साथ फिल्म ब्रह्मास्त्र में नजर आनेवाले हैं। अजय देवगन की भी कई फिल्में पाइपलाइन में हैं, जिनमें तानाजीः द अनसंग वॉरियर, सूर्यवंशी, भुजः द प्राइड, मैदान जैसी फिल्में शामिल हैं।

# ऐंजिलिना जोली के किरदार को अपनी आवाज देंगी ऐश्वर्या राय बच्चन

कुछ दिनों पहले रिलीज हुई हॉलिवुड ऐनिमेटेड मूवी द लायन किंग में मुफासा और सिंबा के किरदारों को शाहरुख खान और आर्यन खान ने अपनी आवाजें दी थीं। अब ऐश्वर्या राय बच्चन हॉलिवुड फिल्म मैलफिसेंटः मिस्ट्रेस ऑफ एविल में ऐंजिलिना जोली के लीड किरदार को अपनी आवाज देंगी। हाल




में फिल्म के मेकर्स ने इसका हिंदी टीजर रिलीज किया है जिसमें ऐश्वर्या खुद ऐंजिलिना जोली के मैलिफिसेंट वाले अवतार में नजर आ रही हैं।

जैसे ही इस फिल्म का हिंदी टीजर रिलीज किया गया, ऐश्वर्या के फैन्स काफी उत्साहित हैं। ऐश्वर्या की डबिंग को काफी पसंद भी किया जा रहा है। उनके पति अभिषेक बच्चन को भी उनका यह किरदार बहुत भा रहा है और उन्होंने टीजर विडियो को शेयर करते हुए ऐश्वर्या की तारीफ भी की है।

वैसे यह पहली बार नहीं है जबकि अभिषेक ने ऐश्वर्या की तारीफ की हो। सोशल मीडिया पर यह कपल अक्सर एक-दूसरे की तारीफ करता रहता है। वैसे यह जोड़ी कई बार रुपहले पर्दे पर एक साथ भी दिखाई दी है। इन्होंने एक साथ ढाई अक्षर प्रेम के, गुरु, उमराव जान और रावण जैसी फिल्मों में काम किया है।

## ड्रीम गर्ल की सक्सेस को सेलिब्रेट कर रही हैं नुसरत भरूचा



बॉलीवुड एक्ट्रेस नुसरत भरूचा इन दिनों छुट्टियां मना रही हैं. इस दौरान उन्होंने कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं. नुसरत भरूचा ने कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जिनमें वो सफेद रंग की हॉट बिकिनी में नजर आई. नुसरत भरूचा की ये तस्वीरें फैंस को खूब पसंद आ रही हैं. शेयर करने के कुछ ही घंटों में उस पर तीन लाख से भी ज्यादा लाइक आ गए हैं. ये पहली बार नहीं है जब नुसरत इस हॉट अंदाज में दर्शकों के सामने आई हैं. इससे पहले भी कई बार वो सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर करती रहती हैं. आपको बता दें कि नुसरत भरूचा हाल ही में फिल्म ड्रीम गर्ल रिलीज हुई है.

## आज का राशिफल

*मेषः-* चंद्रमा आज नवम भाव में होने से गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। अधीनस्थ कर्मचारी या किसी रिश्तेदार के कारण तनाव मिल सकता है। रूपए-पैसे के लेन-देन में सावधानी रखें।

*वृषभः-* राशि का स्वामी शुक्र षष्ठम भाव में बुध के साथ पराक्रम आयु चिंता भाव में होने से जीविका के क्षेत्र में चल रहे प्रयास फलीभूत होंगे। राजनीतिक सहयोग मिलेगा।

*मिथुनः-* आज राशि से सप्तम भाव में चन्द्रमा मन संतोष का देने वाला है। षष्ठम भाव में गुरू से व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा।

*कर्कः-* आज राशि स्वामी चंद्र षष्ठम भाव में कोष वृद्धि का संकेत है। दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शारीरिक व मानसिक क्लेश मिल सकता है।

*सिंहः-* पंचम भाव का चंद्रमा और एकादश घर में मिथुन राशि का राहु आज प्रभाव प्रताप को बढ़ाने वाला है। रोजी रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा।

*कन्याः-* चतुर्थ भाव में चन्द्रमा शुभ व्यय, कीर्ति की वृद्धिकारक है। व्यावसायिक दिशा में सफलता मिलेगी। खान-पान में संयम रखें। अनावश्यक व्यय का सामना करना पड़ सकता है।

*तुलाः-* तृतीय घर में चन्द्रमा के प्रभाव से राजनीतिक दिशा में किए गए प्रयास फलीभूत होंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

*वृश्चिकः-* द्वितीय कोष भाव में चन्द्रमा होने से पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। रूका हुआ कार्य संपन्न होगा।


*धनुः-* देवगुरू वृश्चिक राशि पर और चन्द्रमा प्रथम तनु स्थान में चल रहे हैं आर्थिक दिशा में सफलता मिलेगी। वाणी की सौम्यता आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि करेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खान-पान में संमय बरतें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा।

*मकरः-* राशि का स्वामी शनि के बारहवें घर में होने के कारण व्यावसायिक योजना को बल मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

*कुंभः-* आज एकादश आय भाव में धनुः- राशि का चन्द्रमा होने के फलस्वरूप बेरोजगार व्यक्ति यों को रोजगार मिलने की संभावना है। आर्थिक दिशा में किए प्रयास सफल होंगे। खान-पान पर संयम रखें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। झगड़ा विवाद से बचें।

*मीनः-* राशि स्वामी बृहस्पति नवम भाग्य भाव में राज्य मान-प्रतिष्ठा वृद्धि कारक है। रोजगार के क्षेत्र में चल रहे प्रयास फलीभूत होंगे। राजनीतिक सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति उदासीन न रहें।

## फ्रूट श्रीखंड बनाने की रेसिपी...



### सामग्रीः

गाढ़ा दही (पानी निकाला हुआ) - 2 कप, सेब - 1 (बारीक कटा), अंगूर - 100 ग्राम (बारीक कटे), अनार - 1, कीवी - 1 (बारीक कटी), अखरोट - 7-8 (बारीक कटे), चीनी बूरा - 1/2कप, छोटी इलायची - 2-3 (दरदरी कुटी हुई), दूध - 1 टेबल स्पून, केसर - 5 से 6 धागे

### विधि-

1.नवरात्रि स्पेशल फ्रूट श्रीखंड बनाने के लिए सबसे पहले एकदम गाढ़े दही (जिसमें से पानी निकाला जा चुका हो) को एक गहरे प्याले में डालकर फेंट लें. अब इसमें बारीक कटे हुए फल ( अंगूर, सेब, कीवी, अनार के दाने) और कटे हुए ड्राई फ्रूट्स डालकर. इसमें ऊपर से पिसी हुई चीनी और दूध में डले हुए केसर और इलायची पाउडर को डालकर एक चम्मच से अच्छे से मिक्स कर लें ताकि ये थोड़ा गाढ़ा हो जाए.


2.अब इसे एक से दो घंटे के लिए फ्रिज में ठंडा होने के के लिए रख दें. नियत समय के बाद इसे फ्रिज से निकालकर सर्विंग बाउल में सर्व करें. ऊपर से थोड़े से कटे हुए फल और ड्राई फ्रूट्स डालकर इसे गार्निश करें.

3. लीजिए बेहद आसानी से तैयार हो गया आपका नवरात्रि स्पेशल फ्रूट श्रीखंड. खुद खाएं और घर आये मेहमानों को भी सर्व कर सकते हैं.

## शब्द सामर्थ्य- 09

**बाएं से दाएं**
1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**
1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 08 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | | | इं | | | |
| स | ह | | ब | र | सा | त | | प |
| | क | हा | नी | | न | क | च | ड़ा |
| त | | | ख्व | | | ली | | ई |
| क | या | म | त | | क | फ | न | |
| दी | | दां | | बा | बू | | ह | वा |
| र | ह | ना | | ल | त | खो | र | |
| | वा | | नौ | क | र | | | सा |
| भा | ई | | का | | | बा | द | ल |

## सू-दोकू- 09

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.08 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |